


# बिहार विधान परिषद्

# कार्य सूची

संख्या-1 212वां सत्र

(भारतीय संविधान के अधीन संघटित बिहार विधान परिषद् का 212वां सत्र)

सोमवार, दिनांक 02 फरवरी, 2026

11.00 बजे पूर्वाह्न

## शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण

1. सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण (यदि कोई हो)

## प्रारंभिक संबोधन

2. माननीय सभापति महोदय का प्रारंभिक संबोधन
3. माननीय सभापति द्वारा घोषित किया जाना कि विधान सभा एवं विधान परिषद् की संयुक्त बैठक में अभिभाषण करने के लिये माननीय राज्यपाल 11.25 पूर्वाह्न बिहार विधान मंडल विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में पधारेंगे तथा सदस्यों को निदेश देना कि पूर्व परिचारित कार्यक्रम के अनुसार 11.20 पूर्वाह्न के पूर्व, माननीय सदस्यगण विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में अपना स्थान ग्रहण कर लें।
4. 11.20 पूर्वाह्न माननीय राज्यपाल के आने के पूर्व, माननीय सदस्यों द्वारा बिहार विधान मंडल विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में स्थान ग्रहण
5. 11.30 पूर्वाह्न माननीय राज्यपाल द्वारा दोनों सदनों के एकत्रित माननीय सदस्यगण के बीच अभिभाषण
6. माननीय राज्यपाल के अभिभाषण की समाप्ति के पश्चात् परिषद् के माननीय सदस्यगण परिषद् सदन में पुनः एकत्र होंगे।

Scanned with OKEN Scanner

7. बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम-17(3) के अधीन माननीय सभापति प्रतिवेदित करेंगे कि माननीय राज्यपाल ने अभिभाषण करने की कृपा की है तथा अभिभाषण की एक प्रति मेज पर रखेंगे और उस पर विचार-विमर्श के लिये समय आवंटित करेंगे।

**<u>अध्यासीन सदस्यों की तालिका</u>**

8. माननीय सभापति द्वारा बिहार विधान परिषद् के 212वें सत्र के लिये अध्यासीन सदस्यों की तालिका की घोषणा

**<u>अध्यादेशों का सदन के पटल पर रखा जाना</u>**

9. बिहार विधान मंडल के सत्र में नहीं रहने की अवधि में माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियों को प्रभारी मंत्री सदन के पटल पर रखेंगे (यदि हो)

**<u>वित्तीय कार्य</u>**

10. प्रभारी मंत्री, वित्तीय वर्ष 2025-26 के आर्थिक सर्वेक्षण की एक प्रति सदन की मेज पर रखेंगे

11. बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम-17(4) के अधीन माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव पेश किया जाएगा

12. अन्य नितान्त आवश्यक कार्य, यदि कोई हो।

13. शोक प्रकाश

30/1/26.

(अखिलेश कुमार झा)
सचिव
बिहार विधान परिषद्

ज्ञापांक-वि.प.वि.-05/2026– 93 (3) / वि.प.। दिनांक – 30.01.2026

**प्रतिलिपि :** बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण / माननीय मुख्यमंत्री, बिहार / माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय, बिहार / माननीय मंत्रीगण / माननीय मुख्यमंत्री के आवासीय कार्यालय / मुख्यमंत्री सचिवालय (चार प्रतियों में) / माननीय राज्यपाल, बिहार के सचिव / माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आवासीय कार्यालय एवं बिहार विधान सभा स्थित कार्यालय वेश्म / प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा, पटना/ लोकायुक्त, बिहार / महाधिवक्ता, बिहार का कार्यालय / बिहार सरकार के सभी विभाग एवं विभागाध्यक्ष / सभी राज्यों के विधान मंडलों के सचिव / लोकसभा तथा राज्यसभा सचिवालय, नई दिल्ली / पुस्तकालयाध्यक्ष, संसद भवन, नई दिल्ली / बिहार विधान मंडल पुस्तकालय, पटना / निदेशक, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, बिहार / अधिष्ठान निदेशक, आकाशवाणी, पटना / समाचार संपादक, दूरदर्शन केन्द्र, पटना/ उप सचिव, नेवा सेल / जन-सम्पर्क पदाधिकारी एवं प्रभारी, नेवा सेल, बिहार विधान परिषद् को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/01/26

(ज्ञान प्रकाश)
निदेशक
बिहार विधान परिषद्

Scanned with OKEN Scanner